आयेंगे और शीघ्र टेलीफ़ोन कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक उपरोक्त सभी आठ शहरों में टेलीफ़ोन कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था और अब तक उपलब्ध कराए गए टेलीफ़ोन कनेक्शनों की वास्तविक संख्या क्या है; और

(घ) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक राजस्थान के गांवों में टेलीफ़ोन कनेक्शन, एस० टी० डी० सुविधा, नई तकनीक से संबंधित कार्य, नई लाइन बिछाने और टेलीफ़ोन कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और इन लक्ष्यों को वास्तव में किस हद तक प्राप्त कर लिया गया है ?

इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री विनेश गोस्वामी) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

राज्यों में टेलीफोन सलाहकार समितियों का कार्यकरण

224. **डा० अबरार अहमद खान** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां पर टेलीफोन सलाहकार समितियां कार्य कर रही हैं, तथा जहां ऐसी सलाहकार समितियां कार्य नहीं कर रही हैं ;

(ख) जो समितियां वर्तमान में कार्य नहीं कर रही हैं उनका कार्यकाल किस तारीख को समाप्त हो गया था और उन्हें अब तक पुनर्गठित न किए जाने के क्या कारण हैं, उन्हें कब तक पुनर्गठित कर दिए जाने की संभावना है और इस संबंध में राजस्थान की स्थिति क्या है ;

(ग) देश के उन शहरों के नाम क्या हैं जहां केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित टेलीफोन सलाहकार समितियां कार्य कर रही हैं तथा जहां ऐसी समितियां कार्य नहीं कर रही हैं, उनका कार्यकाल किस तारीख को समाप्त हो गया था और अब तक पुनर्गठित न किए जाने के क्या कारण हैं, उन्हें कब तक पुनर्गठित किए जाने की सम्भावना है ; और

(घ) राजस्थान के उन शहरों के नाम क्या हैं जिनके लिए टेलीफोन सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं और उनके बारे में वर्तमान स्थिति क्या है और उन शहरों में इन समितियों के कब तक गठित किए जाने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्री, साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री विनेश गोस्वामी) : (क) से (ग) अपेक्षित जानकारी निम्नानुसार है :—

I. इस समय कार्य कर रही दूरसंचार/टेलीफोन सलाहकार समितियों के नाम:

राज्य

1. बिहार

संघ राज्य क्षेत्र

1. अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह
2. दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दिव

शहर

1. अमृतसर
2. लुधियाना

II. उन दूरसंचार टेलीफोन सलाहकार समितियों के नाम जिनकी समयावधि निम्नलिखित तारीखों को समाप्त हो गई है :—

	अवधि समाप्त होने की तारीख
राज्य	
1. आन्ध्र प्रदेश	31-7-1989
2. अरुणाचल प्रदेश	31-7-1989
3. असम	31-1-1989
4. गोआ	31-5-1989
5. गुजरात	31-12-1989
6. हरियाणा	31-7-1989
7. हिमाचल प्रदेश	28-2-1989
8. जम्मू और कश्मीर	31-7-1989
9. कर्नाटक	30-9-1989
10. केरल	30-9-1989
11. मध्य प्रदेश	30-6-1989
12. महाराष्ट्र	31-7-1989
13. मणिपुर	31-8-1989
14. मेघालय	31-7-1989
15. मिजोरम	28-2-1990
16. नागालैंड	31-7-1989
17. उड़ीसा	28-2-1990
18. पंजाब	30-4-1988
19. राजस्थान	31-5-1989
20. सिक्किम	31-8-1989
21. तमिलनाडु	30-9-1989
22. त्रिपुरा	30-6-1989
23. उत्तर प्रदेश	30-9-1989
24. पश्चिम बंगाल	31-8-1989
संघ राज्य क्षेत्र	
1. चंडीगढ़	31-7-1989
2. दिल्ली	30-6-1989
3. लक्षद्वीप एवं मिनिकाय द्वीप समूह	31-7-1989
4. पांडिचेरी	31-8-1989
शहर	
1. आगरा	31-7-1989
2. अहमदाबाद	31-5-1989
3. इलाहाबाद	30-9-1989
4. बंगलौर	31-5-1989
5. भोपाल	31-1-1989
6. बम्बई	28-2-1989
7. कलकत्ता	28-2-1989
8. कालीकट	30-9-1989
9. कोयम्बटूर	30-6-1989
10. एर्नाकुलम	31-7-1989
19. फरीदाबाद	28-2-1989
12. गाजियाबाद	28-2-1989
13. गुवाहाटी	31-8-1989
14. हैदराबाद	31-7-1989
15. इन्दौर	31-7-1989
16. जयपुर	31-7-1989
17. जालंधर	30-9-1989
18. कानपुर	31-7-1989
19. लखनऊ	30-9-1989
20. मद्रास	28-2-1989
21. मदुरै	30-9-1989
22. नागपुर	31-7-1989
23. पटना	30-9-1989
24. पुणे	31-1-1989
25. राजकोट	30-9-1989
26. सूरत	30-9-1989
27. तिवेन्द्रम	30-9-1989
28. बडोदरा	30-9-1989
29. वाराणसी	31-7-1989
30. विजयवाड़ा	30-9-1989

दूरसंचार/टेलीफोन सलाहकार समितियों को गठित करने संबंधी नीति की पुनरीक्षा की जा रही है । इस नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही इन समितियों का गठन किया जाएगा ।

(घ) राज्य (राजस्थान) के लिए एक दूरसंचार समिति और जयपुर दूरसंचार जिले के लिए एक टेलीफोन सलाहकार समिति

के अलावा राज्य में 15 एस एस ए टेलीफोन सलाहकार समितियों का गठन किया गया है । इन में से इस समय निम्नलिखित 7 एस एस ए टेलीफोन सलाहकार समितियां कार्य कर रही हैं :—

एस एस ए टे० स० समिति का नाम	मौजूदा अवधि की तारीख
1. अलवर	31-5-1990
2. अजमेर	31-5-1990
3. बीकानेर	31-5-1990
4. भीलवाड़ा/बूंदी	31-5-1990
5. जोधपुर	31-5-1990
6. नागोर और चुरू	3-6-1990
7. उदयपुर	31-5-1990

अन्य समितियों का गठन उक्त नीति को अंतिम रूप दिए जाने पर किया जाएगा ।

Development Boards in Maharashtra

225. SHRI NARESH C. PUGLIA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to refer to the answer to Starred Question No. 48 given in the Rajya Sabha on the 27th December, 1989 and state:

(a) the progress made with regard to the establishment of Development Boards for Vidarbha, Marathwada and the rest of Maharashtra under article 371(2) of the Constitution; and

(b) by when the schemes is likely to be implemented?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED): (a) and (b) The reply of the Government of Maharashtra has since been received and the matter is under consideration.

Import of telephone equipment

226. SHRI NARESH C. PUGLIA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the quantity and value of items imported during the last three years, year-wise, in connections with the manufacture and maintenance of telephone exchanges, push-button instruments, cable and other instruments; and

(b) the quantity and value of items proposed to be imported?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI DINESH GOSWAMI): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

कश्मीर में हिंसा की घटनायें

227. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डा० रूबिया सईद की रिहाई के बदले आतंकवादियों को छोड़ने के पश्चात् दिसम्बर, 1989 से लेकर अब तक कश्मीर में हिंसा और उपद्रव की कुल कितनी घटनाएं हुई हैं; और

(ख) इन घटनाओं में जान व माल की हुई हानि का ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद): (क)

वर्ष और महीना	दंगों सहित हिंसात्मक घटनाओं की संख्या	मारे गये व्यक्तियों की संख्या
1988	390	31
1989	2154	92
1990—		
जनवरी	500	78
फरवरी	327	54
मार्च 1—5	32	33

(ख) राज्य सरकार से सम्पत्ति की क्षति की विस्तृत जानकारी की अभी प्रतीक्षा की जा रही है ।